R.P

10655

सत्यमेव जयते

खंड ३ संख्या १

# बिहार विधान सभा वादवृत्त

## सरकारी रिपोर्ट

बुधवार, तिथि २ सितम्बर, १९५३

Vol. III. No. 1

# The Bihar Legislative Assembly Debates

## Official Report

*Wednesday, the 2nd September, 1953.*

अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, बिहार,
पटना, द्वारा मुद्रित ।
१९५४

[मूल्य—६ आना ।]
[*Price—Annas 6.*]

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—(क) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(ख) यह सही है कि डीलहुआ, पीपरा और धनपुरी ग्रामों के हरिजनों सहित गरीबों को मुफ्त राशन के कार्ड दिये गए थे, लेकिन यह सही नहीं है कि स्थानीय दूकानदारों ने उन्हें गल्ला नहीं दिया। ऐसी सूचना नहीं मिली है कि इसकी रिपोर्ट थाने में भेजी गई और इस संबंध में पुलिस दारोगा से कोई सूचना या रिपोर्ट नहीं मिली।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

रजौली थाने में सहायता।

१९८। श्री महावीर चौधरी—क्या मंत्री, राजस्व-विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) नवादा सबडिवीजन के रजौली थाने में सहायता के लिए १९५१-५२ में कितनी रकमें बांटी गयीं;

(ख) इस वर्ष कितनी रकमें सरकार बांटने जा रही है;

(ग) क्या यह बात सही है कि बहुत गरीब हरिजनों तथा खेतिहर मजदूरों को समुचित रूप से निर्धारित अवधि पर अन्न नहीं मिल सका;

(घ) सरकार इसकी पूर्ति के लिए इस साल क्या करने जा रही है?

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—(क) नवादा सबडिवीजन के रजौली थाने में १९५१-५२ में साहाय्य की निम्नलिखित रकम बांटी गई:—

(१) अपाहिज लोगों के बीच ३२३ रु० ४ आ० नकद बांटे गए।
(२) १,८८१ रु० ११ आ० की कीमत का अनाज कंगालों को मुफ्त बांटा गया।
(३) २४,१५५ रु० तकावी ऋण के रूप में बांटे गए।
(४) २,३५० रु० कृषि ऋण के रूप में बांटे गए।

(ख) चालू वर्ष में नवादा सबडिवीजन में कोई साहाय्य कार्य नहीं हुआ है और न उसकी आवश्यकता है।

(ग) ऐसी कोई रिपोर्ट या शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

(घ) यह प्रश्न ही नहीं उठता।

साहाय्य कोष से सड़कों की मरम्मती।

१९९। श्री जनार्दन सिंह—क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) मीरगंज थाने में साहाय्य कोष से लोकल बोर्ड के किन-किन सड़कों में कितने मील काम हुए;

(ख) किन-किन सड़कों का काम अपूर्ण रह गया;

(ग) क्या यह बात सही है कि ठीकेदारों द्वारा बनाये गये सड़कों के बिल का रुपया दिया जा चुका है, यदि नहीं तो नहीं दिया जाने का क्या कारण है?

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—(क) और (ख) मीरगंज थाने के अन्तर्गत दो लोकल-बोर्ड की सड़कों की (१) मीरगंज-जाससर रोड और (२) लचवार-फुलगांव रोड पिछले